दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

हिन्दी दैनिक

वर्ष-12, अंक-129 वीरवार 11 मई, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

# अग्रवाल कॉलेज में हुआ राष्ट्रीय सम्मेलन

## चेंजिंग सिनेरियो ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड: गेन्स एंड चैलेंजेस फॉर इंडिया रहा विषय



सेमीनार में हिस्सा लेने आए अतिथियों का स्वागत करते प्राचार्य के.के.गुप्ता।

छायाः सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

**बल्लभगढ़, 10 मई, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** बुधवार को अग्रवाल कॉलेज में अर्थशास्त्र, प्रबंध और वाणिज्य विभागों के तत्वावधान में चेंजिंग सिनेरियो ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड: गेन्स एंड चैलेंजेस फॉर इंडिया विषय पर दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा अनुमोदित था। जिसका आज 10 मई को समापन समारोह हुआ। इस सम्मेलन को कुल 8 तकनीकी सत्रों में विभाजित किया गया जिसमें से 4 तकनीकी सत्रों का आयोजन पहले दिन अर्थात 9 मई 2023 को किया गया था। अगले 4 तकनीकी सत्रों का आयोजन 10 मई को किया गया।

इस कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020: चैलेंजेस एंड अपॉर्च्युनिटी शीर्षक किताब का विमोचन भी किया गया। दूसरे दिन पांचवें सत्र की अध्यक्षता डॉ. विजित चतुवेर्दी एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा द्वारा की गई, आमंत्रित वार्ता प्रोफेसर एस.के. चक्रवर्ती, फॉर्मर हेड डीन एकेडमिक्स एनआईटी, कुरुक्षेत्र द्वारा दी गयी, उन का विषय था डब्ल्यू .टी.ओ. एडवांटेज एंड डिसएडवांटेज। उन्होंने वार्ता में इकोनॉमिक्स और फिजिक्स को जोड़कर ईकोनोफिजिक्स शब्द का प्रयोग किया और आगे इसी पर शोध करने की आवश्यकता को उजागर किया उन्होंने वीडिओज के माध्यम से बड़े ही रोमांचित तरीके से डब्ल्यू. टी.ओ. के फायदे और नुकसानों को बताया। पांचवें सत्र का मंच संचालन डॉ. डिंपल द्वारा सुचारू रूप से किया गया। छठे सत्र में अध्यक्ष की भूमिका डॉ. रेनू अग्रवाल, जे.सी. बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, फरीदाबाद ने निभाई तथा आमंत्रित वार्ता डॉ. विजित चतुवेर्दी, एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा द्वारा दी गई। उनकी थीम स्ट्रेटेजिक एंड ट्रांसफोर्मेटिव पोजिशनिंग ऑफ इंडिया एज ए ग्लोबल डेस्टिनेशन आप फ्यूचरिस्टिक आस्पेक्ट। उन्होंने हमारे देश के विभिन्न विभागों जैसे रक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बैंकिंग और बीमा व शोध विभाग के विकास के बारे में बताया तथा यह भी बताया कि ये विभाग कैसे आत्मनिर्भर बन रहे हैं। इसी सत्र में दूसरी आमंत्रित वार्ता डॉ. प्रगति चौहान, विभागाध्यक्ष एम.बी.ए, मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज द्वारा दी गयी। जिनका विषय कैपिटलाइज ऑन आवर स्ट्रेंथ्स टू बिल्ड इन्क्लूसिव एंड रेजिलिएंट इकॉनमी रहा। इन्होंने अपनी वार्ता में संभार तंत्र के विषय पर बात की तथा यह भी बताया कि व्यापार को आसानी से कैसे किया जा सकता है। इसके अलावा इन्होंने आयात तथा निर्यात की महत्त्वता को बताते हुए उसके संतुलन पर भी प्रकाश डाला। सातवें सत्र में अध्यक्ष की भूमिका अग्रवाल महविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत जी ने निभाई।

स्वत्वाधिकारी (मुद्रक, प्रकाशक व मालिक)सुषमा द्वारा एनसीआर प्रेस 352/21 मैन धनवानपुर रोड़, लक्ष्मण विहार गुरुग्राम-122001 (हरियाणा) से मुद्रित कर मकान नम्बर- 35/ए न्यू कालोनी, रेलवे रोड़ (भारि